# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–02 जनवरी 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि नये साल में दुनिया में भारत और भारत में उत्तर प्रदेश को नई पहचान मिलेगी। डबल इंजन की सरकार इस उद्देश्य को लेकर पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ देने वाली डबल इंजन सरकार ने विकास को गति और विरासत को नई पहचान दी है। मुख्यमंत्री आज गोरखपुर में पन्द्रह सौ करोड़ रूपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नये उत्तर प्रदेश में युवाओं को प्रदेश में ही रोजगार मिलेगा। गोरखपुर में हो रहे विकास कार्यों की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में कई नई योजनाओं के जरिये नया गोरखपुर देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि–

***कार्य करने का एक जज्बा होना चाहिए आज गोरखपुर में पिपराइच के चीनी मिल भी चल रही है आज गोरखपुर में चिड़ियाघर यानी प्राणी उद्यान भी कार्य कर रहा है सभी जगह से आने वाली कनेक्टिविटी लखनऊ का हो या फिर वाराणसी का मार्ग फोरलेन से जुड़ चुका है और गोरखपुर में लोगों के लिए रोजगार के नए–नए अवसर भी जुटाए जा रहे हैं नए निवेश आ रहे हैं अकेले गोरखपुर में पिछले 5 वर्ष के अंदर 15000 से लेकर के 20000 करोड रुपए का निवेश तो जमीनी धरातल पर उतरा है जिसमें उद्योग लग चुके हैं वह चल रहे हैं हजारों लोगों को नौकरी और रोजगार की गारंटी मिली है।***

**********

महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे ने त्रिकोंणीय सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत अयोध्या से बनारस और बनारस से प्रयागराज के लिये ट्रेनें चलाई जाएंगी। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के प्रबंधक एस एम शर्मा ने बताया कि यह सेवा 10 जनवरी से शुरू हो जाएगी। श्री शर्मा ने बताया कि मौनी अमावस्या के अवसर पर 29 जनवरी के आसपास कई विशेष ट्रेन विभिन्न रेलवे जोन द्वारा चलाई जाएंगी।

***मौनी अमावस्या में करीब 29 तारीख के आसपास मैक्सिमम नवम्बर ऑफ स्पेशल ट्रेन चलेंगी। चाहे हम चला रहे, चाहे सेंट्रल रेलवे, चाहे नार्थ इस्ट रेलवे जो पहला स्नान है 13 तारीख को उससे पहले हम लोग एक ट्रायल कर लेंगे जे हमारी तैयारी है उसके बारे में हमको पता हो।***

**********

नव वर्ष के पहले दिन कल वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में सात लाख तिरासी हजार श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किये। दर्शन–पूजन करने वाले श्रद्धालुओं की यह संख्या बीते वर्ष की पहली जनवरी के मुकाबले आठ हजार अधिक है। हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि पिछले वर्ष नव वर्ष के पहले दिन सात लाख पैंतीस हजार श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ का दर्शन किया था।

**********

नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर छब्बीस जनवरी को आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट के लिए टिकटों की बिक्री आज से शुरू हो गई है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि टिकट सेना भवन, शास्त्री भवन, जंतर–मंतर, प्रगति मैदान और राजीव चौक मेट्रो स्टेशन से मूल फोटो पहचान पत्र दिखाकर खरीदे जा सकते हैं।

**********

कुशीनगर जिले में चालू वित्तीय वर्ष के दौरान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत अट्ठारह सौ छब्बीस जोड़ों के सामूहिक विवाह का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वहां के जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि वैवाहिक कार्यक्रम सोलह जनवरी से मार्च दो हजार पच्चीस तक विभिन्न तिथियों में शुभ मुहूर्त देखकर आयोजित किये जायेंगे।

**********

जौनपुर जिले के आदमपुर अकबर रेलवे क्रासिंग के पास आज एक बाइक के ट्रक की चपेट में आ जाने से भाई–बहन सहित तीन लोगों की मौत हो गयी। मरने वाले सभी तीन लोग अपने गांव से दवा लेने के लिये मल्हनी जा रहे थे। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

**********

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में शीतलहर की शुरूआत हो गयी है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के चलते लगभग सभी जिलों के तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की गयी है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में कोहरा बढ़ने की वजह से आवागमन प्रभावित हुआ है। ठंड बढ़ने के कारण कई जिलों में स्कूलों में शीतकालीन अवकाश घोषित कर दिया गया है।

**********

लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में कल से सात जनवरी तक अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल चैंपियनशिप ट्रॉफी का आयोजन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन की प्रेसिडेंट अलका दास ने कल ट्रॉफी का अनावरण किया। इस चैंपियनशिप में मेजबान भारत सहित चार देशों की टीमें भाग लेंगी।

**********